15 सितंबर 1965 को जन्मे श्री विवेक वाही एनआईटी, कुरुक्षेत्र से बी.टेक हैं. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यग्रहण करने से पूर्व वे बैंक ऑफ़ इंडिया में महाप्रबंधक थे. उन्होंने 1990 में परिवीक्षा अधिकारी के रूप में बैंक ऑफ इंडिया में कार्यग्रहण किया था. श्री विवेक वाही के पास शाखा बैंकिंग, ओवरसीज़ डीलिंग रुम, लार्ज कार्पोरेट क्रेडिट शाखा आदि जैसे बैंक के सभी महत्वपूर्ण विभागों में कार्य करने का विशाल अनुभव है. उन्होंने आंचलिक प्रबंधक, कोषागार प्रमुख एवं फील्ड महाप्रबंधक सहित विभिन्न पदों पर भी कार्य किया है. वे बैंक ऑफ़ इंडिया के व्यवसाय के सम्बंध में सबसे बडे अंचल मुंबई दक्षिण के अंचल प्रमुख भी रहे हैं. वे दो वर्षों से अधिक अवधि तक बैंक ऑफ़ इंडिया के मुंबई स्थित कोषागार के प्रभारी भी रहे हैं. वे दिल्ली मुख्यालय वाले छह राज्यों तक विस्तारित बैंक ऑफ़ इंडिया के उत्तरी क्षेत्र के फील्ड महाप्रबंधक के रूप में भी कार्य कर चुके हैं.